स्वामी केशवानन्द
राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर ।

दिनांक **04.05.2013** को प्रातः **11.00** बजे सभागार कुलपति सचिवालय, स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर में आयोजित विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की **86** वीं बैठक की कार्यवाही विवरण :

निम्नाकित सदस्य उपस्थित थे :-

1.	प्रोफेसर अनिल कुमार दाहमा, कुलपति	**अध्यक्ष**
2.	श्री संतोष कुमार सहारण, माननीय विधायक	सदस्य
3.	श्री जगदीश पूनीया, उप निदेशक (कृषि) प्रतिनिधि आयुक्त कृषि	सदस्य
4.	डॉ० राजेश शर्मा	सदस्य
5.	डॉ० पी० पुण्डीर	सदस्य
6.	डॉ० एस० गंगोपाध्याय	सदस्य
7.	डॉ० वाई० सुदर्शन	सदस्य
8.	डॉ० (श्रीमति) मधु शर्मा	सदस्य
9.	श्री जे०पी० स्वामी, वित्त नियंत्रक	आमंत्रित सदस्य
10.	श्री राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, कुल सचिव	**सदस्य सचिव**

डॉ० (श्रीमति) नूरजहाँ एन० गनिहार, डॉ० पी०एम० सालीमथ, डॉ० के०एम०एल० पाठक, डॉ० एस०के० शर्मा, डॉ० पी०एन० कल्ला, प्रमुख शासन सचिव (कृषि), प्रमुख शासन सचिव (उच्च शिक्षा) एवं प्रमुख शासन सचिव (पशु पालन), प्रबंध मण्डल की बैठक में भाग नही ले सकें ।

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव एवं सदस्य सचिव द्वारा माननीय प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों का स्वागत किया गया।

स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1212	84वीं विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 30.10.2012 व 85वीं विशेष प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 06.03.2013 कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत् । **यह पारित (Resolved) किया गया कि 84वीं विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 30.10.2012 व 85वीं विशेष प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 06.03.2013 कार्यवाही विवरण की पुष्टि की जाती हैं ।**

6/5/13

स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1213	84वीं विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 30.10.2012 व 85वीं विशेष प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक 06.03.2013 के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही बाबत् । यह पारित **(Resolved)** किया गया कि **84वीं** विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक **30.10.2012** व **85वीं** विशेष प्रबन्ध मण्डल बैठक दिनांक **06.03.2013** के कार्यवृत्त पर की गई कार्यवाही की पुष्टि निम्न के साथ की जाती हैं :- स्वाकेराकृवि/बोम–84/2012-3/1198(SKRAU/AC-40/2012-2/135(4)) यह पारित **(Resolved)** किया गया कि विश्वविद्यालय के अधिनस्थ श्रीगंगानगर में उद्यानिकी **(Horticulture)** महाविद्यालय व बीकानेर में कृषि एवं खाद्य अभियांत्रिकी **(Agriculture & Food Engineering)** महाविद्यालय खोले जाने का प्रस्ताव पुन: राज्य सरकार को प्रेषित किया जाए । **स्वाकेराकृवि/बोम–84/2012-3/1201** विश्वविद्यालय में कर्मचारियों/अधिकारियों के पेंशन/भविषय निधि के पुन: विकल्प लेने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया । यह पारित किया गया कि कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा एक बार पेंशन/भविषय निधि हेतु चुने गये विकल्प को ही अन्तिम विकल्प माना जाए साथ ही राज्यसरकार द्वारा भी पुन:विकल्प के लिये मना कर दिया गया हैं ।
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1214	41वीं विशेष विद्या परिषद् (Academic Council) बैठक दिनांक 06.03.2013 व 42वीं विद्या परिषद् बैठक दिनांक 23.03.2013 कार्यवाही विवरण की पुष्टि करने बाबत्। यह पारित **(Resolved)** किया गया कि **41वीं विशेष विद्या परिषद् (Academic Council) बैठक दिनांक 06.03.2013 व 42वीं विद्या परिषद् बैठक दिनांक 23.03.2013** कार्यवाही विवरण की पुष्टि की जाती है ।
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1215	माननीय कुलपति द्वारा जारी आदेशों/परिपत्रों की पुष्टि करने बाबत्। 1. आदेश क्रमांक एफ. /एसकेराकृवि/स्था./ग्रुप-**1/2013/4489** दिनांक **14.01.2013.** 2. परिपत्र क्रमांक सीओई/एसकेराकृवि/यू०एम०/**2013/17-34** दिनांक **13.02.2013.** यह पारित **(Resolved)** किया गया कि माननीय कुलपति द्वारा जारी आदेशों/परिपत्रों की पुष्टि की जाती है ।

6/5/13

स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1216	अशैक्षणिक पदों हेतु आवेदन पत्र एवं आवेदन शुल्क के निर्धारण पर विचार करने बाबत् । **यह पारित (Resolved) किया गया कि अशैक्षणिक पदों हेतु आवेदन पत्र अनुमोदित किया जाता है एवं आवेदन शुल्क निम्नानुसार निर्धारित किए जाने की पुष्टि की जाती है :-** **(क) सामान्य वर्ग व क्रिमीलेयर श्रेणी के पिछडा वर्ग/विशेष पिछडा वर्ग के लिए आवेदक हेतु रूपये 250/-** **(ख) राजस्थान के नॉन क्रिमीलेयर श्रेणी के पिछडा वर्ग/विशेष पिछडा वर्ग के आवेदन हेतु रूपये 150/-** **(ग) समस्त नि:शक्तजन तथा राजस्थान की अनुसूचित जाति/जनजाति के आवेदक हेतु रूपये 50/-**
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1217	सेवा निवृति से तीन माह पहले कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ई०पी०एफ०) से कटौतियाँ बन्द करने बाबत् । **यह पारित (Resolved) किया गया कि सेवा निवृति से तीन माह पहले कर्मचारियों के वेतन से कर्मचारी भविष्य निधि (ई०पी०एफ०) से कटौतियाँ बन्द करने की पुष्टि की जाती है ।**
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1218	डद्यानिकी अनुसंधान केन्द्र की स्थापना के संबंध में । **विश्वविद्यालय में खास तौर से उद्यानिकी फसल पर समर्पित रूप में एक अनुसंधान क्षेत्र की आवश्यकता है । अत: यह पारित (Resolved) किया गया कि उद्यानिकी फसलों के अनुसंधान के लिए एक उद्यानिकी अनुसंधान केन्द्र (HRF) बीछवाल में स्थापित करने की पुष्टि की जाती है ।**
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1219	स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधिनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र हेतु विज्ञाप्ति किये जाने वाले शैक्षणिक पद यथा कार्यक्रम समन्वयक (प्रोग्राम कॉरडीनेटर) एवं विषय विशेषज्ञ (एस०एम०एस०) की शैक्षणिक योग्यताओं पर विचार करने बाबत् । **यह पारित (Resolved) किया गया कि स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के अधिनस्थ कृषि विज्ञान केन्द्र हेतु विज्ञाप्ति किये जाने वाले शैक्षणिक पद यथा कार्यक्रम समन्वयक (प्रोग्राम कॉरडीनेटर) की योग्यता एवम् स्कोर कार्ड निदेशक प्रसार शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के कार्यालय टिप्पणी प. /स्था./स्वाकेराकृवि/डीईई/2013/191 दिनांक 06.04.2013 के अनुसार अनुमोदित की जाती है तथा विषय विशेषज्ञ (एस०एम०एस०) के लिए गठित समिति की अनुशंषा के अनुसार शैक्षणिक योग्यता की पुष्टि की जाती है ।**
स्वाकेराकृवि/बोम–86/ 2013-2/1220	श्री राम करण बैरवा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल-बीकानेर के 2544 दिनों के लम्बित अवकाशों (स्वैच्छा से उपभोग किये गये अवकाशों) को अवैतनिक अवकाश में स्वीकृत करने बाबत्। **यह पारित (Resolved) किया गया कि श्री राम करण बैरवा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कृषि अनुसंधान केन्द्र, बीछवाल-बीकानेर के 2544 दिनों के लम्बित अवकाशों (स्वैच्छा से उपभोग किये गये अवकाशों) को अवैतनिक अवकाश में स्वीकृत करने की पुष्टि की जाती है । उक्त अवधि का न तो कोई भुगतान किया जायेगा तथा ना ही पेंशन संबंधित अन्य किसी परिलाभ के लिए गणना योग्य होगी ।**

6/5/13